12 नवंबर को जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन घरघोड़ा से तमनार तक होगी पदयात्रा



## खबर संक्षेप

### संस्कार स्कूल को फिर मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल को राष्ट्रीय पुरस्कार इंडिया टैलेंट अवार्ड से नवाजा जाएगा। यह पुरस्कार प्रथम महिला आईपीएस एवं पूर्व राज्यपाल किरण बेदी के हाथों मुंबई के वाशी में विष्णु दास भावे नाट्य गृह में प्रदान किया जाएगा। संस्था के सदस्य के रूप में पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी उडन परी पीटी उषाए पूर्व इसरो प्रमुख एएस किरणकुमार जैसे विख्यात व्यक्तित्व शामिल है। ज्ञात हो कि संस्कार पब्लिक स्कूल के द्वारा किए जाने वाले व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, शैक्षणिक कार्यक्रम, विभिन्न गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। जिसके कारण पिछले सत्र में 5 राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया था। इसी तरह इस वर्ष भी सत्र के शुरूआत से राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। 4 नवंबर को मुंबई के विष्णु दास भावे नाट्य गृह में यह पुरस्कार संस्कार पब्लिक स्कूल की प्राचार्या रश्मि शर्मा को प्रदाय किया जाएगा। साथ ही साथ संस्था के शिक्षक सुबोध कुमार पाण्डेय को भी यह अवार्ड शिक्षक के रूप में प्राप्त होगा। इंडियन टैलेंट ओलंपियाड के द्वारा देशभर के उन सभी स्कूलए उनके प्राचार्य एवं शिक्षकों में से उनको यह अवार्ड प्रदान करता है। जो बच्चों को अपनी स्कूल में इस प्रकार की गतिविधियों, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम के द्वारा, ओलंपियाड में शामिल होने के लिए प्रेरित करना आदि हेतु प्रोत्साहित करता है। इसी के तहत संस्कार पब्लिक स्कूल एवं प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा तथा शिक्षक सुबोध कुमार पाण्डेय को चयनित किया गया है।

### कलेक्टर ने एसआईआर की दी जानकारी

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रेस प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के संबंध में विस्तृत जानकारी दिए। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ का दायित्व से अवगत कराते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बीएलओ द्वारा घर.घर जाकर गणना फार्म वितरित करेंगे और प्राप्त गणना फार्म पर अपने अभिमत के साथ आयोग के पोर्टल पर अपलोड करेंगे। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एक बड़ी प्रक्रिया है और पूरी तरह से पारदर्शी है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे एसआईआर के दौरान अपने बूथ स्तरीय एजेंट बीएलए नियुक्त करें और इस कार्य में बीएलओ को पूरा सहयोग दें।

### मुक्ताराजा में गढ़ फतेह कर सागर बने चैंपियन

**बाराद्वार।** परंपरा, जोश और रोमांच से भरे माहौल में बाराद्वार के मुक्ताराजा मैदान में सोमवार को गढ़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे 30 प्रतिभागियों ने अपनी ताकत और साहस का प्रदर्शन करते हुए गढ़ फतह करने का प्रयास किया।तीसरे प्रयास में सागर बंसल ने गढ़ को फतेह कर सभी का दिल जीत लिया।

## घटना के बाद चालक व उसमें सवार लोग कार छोड़कर फरार, धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का मामला

# हिट एंड रन : कार चालक ने खड़ी महिला को मारी टक्कर, फिर बाइक सवारों को रौंदा, तीनों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गुरुवार को धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। सड़क किनारे खड़ी महिला को टक्कर मार कर भाग रहे कार के चालक ने कुछ दूरी पर सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवकों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे तीनो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक व उसमें सवार लोग वाहन को घटना स्थल पर ही छोड़कर फरार हो गए। यह घटना रास्ते पर संचालित एक ढाबे की सीसीटीवी में कैद हो गई है।

हालांकि ढाबे की मालकिन अभी मौजूद नहीं है। ऐसे में उसके लौटने के बाद ही पूरे मामले की जांच होगी। दूसरी ओर रायगढ़ जिले में जनवरी से अब तक 581 सड़क हादसों में 330 लोगों की जान चली गई है और 463 लोग घायल हैं।

जिले में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। हर दूसरे दिन सड़क हादसों में सड़कें खून से लाल हो रही हैं और बेगुनाहों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ रहा है। दो दिन पहले ही भूपदेवपुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हुई थी और एक अस्पताल में जिदंगी और मौत से जंग लड़ रहा है। वहीं इस हादसे ने जिलेवासियों को सोच में डाल दिया है। दरअसल गुरुवार की दोपहर कापू तरफ से एक कार काल बनकर धरमजयगढ़ की तरफ आ रही थी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसके आसपास से गुजरने वाले लोग थर्रा गए थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जैसे ही कार खम्हार चाल्हा चौक के पास पहुंची तब कार के चालक ने सड़क किनारे खड़ी महिला ललिता मिंत पति सुखसाय मिंज 35 वर्ष, निवासी ग्राम रामपुर थाना धरमजयगढ़ को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला हवा में छिटक कर दूर जा गिरी। इसके बाद डर से कार चालक कार की स्पीड और बढ़ा दी और कुछ ही दूरी पर सामने से आ रहे बाइक सवार फकीर मोहन पटेल पिता जगबंधु पटेल 37 वर्ष निवासी परसदा छोटे, चौकी कनकबीरा जिला सारंगढ़ व अमित किंडो पिता अगस्तु किंडो 26 वर्ष, निवासी सुगापानी पोस्ट कमलेश्वरपुर जिला अंबिकापुर को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चीख-पुकार मची और लोग सड़क पर पड़े लोगों की सुध लेने दौड़े तो कार चालक व उसमें सवार लोग वक्त की नजाकत कों देखते हुए वहां से भाग निकले।

**दस महीनें में 327 मौत**

> दुर्घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस द्वारा मृतकों के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। कार पुलिस के कब्जे में है, उसी के आधार पर चालक और मालिक की पतासाजी की जा रही है, जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।
>
> **सुशांतो बनर्जी**
> डीएसपी, पुलिस प्रवक्ता, रायगढ़

### परखच्चे उड़ी तो घूम गया कार, मजबूरी में रोकना पड़ा

स्थानीय लोगों की मानें तो इस हादसे में और भी लोगों की जान जा सकती थी, क्योंकि कार की रफ्तार इतनी थी कि उसे देख कर नहीं लग रहा था कि चालक के कंटोल कार पर है। वो तो बाइक से टकराने के बाद कार के परखच्चे उड़ गए और सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त होने पर कार सड़क से विपरीत दिशा में मुड़ गई, जिससे कार को रोकना पड़ा, वरना सड़क पर चलने वाले और भी लोग इसकी चपेट में आ सकते थे।

### जैक लेकर लौट रहे थे और चली गई जान

बाइक सवार अमित किंडो जेसीबी ड्राइवर व फकीर मोहन सुपरवाइजर थे। दोनों कापू क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण में ठेकेदार के अंडर काम करते थे। किसी वाहन का टायर पंचर होने से दोनों जैक लेने के लिए खम्हार आए थे, जहां से वो वापस लौट रहे थे। बाइक फकीर मोहन चला रहा था, इस दौरान काल बन कर आई कार ने उनकी सांसें छीन ली।

### मिरीगुड़ा की है कार, चला रही थी लड़की

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 13 बीई 1285 मिरीगुड़ा धरमजयगढ़ की है और वह किसी सुरेश कुमार कहार के नाम पर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार को एक लड़की चला रही थी और उसमें तीन से चार लोग सवार थे, जिन्हें भागते वक्त लोगों ने देखा है। वहीं यह कार उक्त मार्ग में गुरुवार को ही तीन से चार बार गुजरी है। अपेक्स बैंक के एक कर्मचारी ने अपने बयान में पुलिस को यह बात बताई है।

### सीसीटीवी फुटेज में होगा खुलासा

पुलिस सूत्रों की मानें तो इस घटना का पूरा माजरा चाल्हा चौक स्थित यमुना डनसेना ढाबा में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। पुलिस वहां का फुटेज चेक करने भी पहुंची थी, लेकिन यमुना के नहीं होने पर पुलिस को लौटना पड़ा। पुलिस का कहना है कि जल्द ही कार मालिक, चालक व उसमें सवार लोगों का पता चल जाएगा। फिलहाल अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

### कार में सवार लोगों को भी लगी है चोट

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार लोगों को भी चोट आई है। क्योंकि दुर्घटनाग्रस्त कार के सीट में खून के निशान देखे गए हैं। वहीं कार में सवार लोग खम्हार की तरफ भागे हैं, जिससे पुलिस राहगीरों से भी पूछताछ कर रही है। इसके अलावा अस्पताल में भी उनकी खोजबीन जारी है।

### चक्काजाम की चल रही थी तैयारी

इस घटना के बाद स्थानीय लोग और राहगीरों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा था। धीरे-धीरे मौके पर लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। ऐसे में किसी अनहोनी की आशंका से पुलिस टीम ने पहले शवों को उठाना शुरू किया और तत्काल उन्हें अस्पताल भेजा, ताकि लोग चक्काजाम न कर दें। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को आश्वासन भी दिया कि आरोपी जल्द ही पकड़े जाएंगे, तब जाकर वो शांत हुए।

## पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपी गिरफ्तार, डेढ़ लाख की संपत्ति बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ की पूंजीपथरा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने सुने दुकानों और बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से एक आरोपित नाबालिग है। आरोपियों से चोरी की दो मोटरसाइकिलें, मोबाइल, मोबाइल पाट्र्स, रेडीमेड कपड़े और अन्य सामान सहित कुल डेढ़ लाख रुपए की संपत्ति बरामद की गई है। उनकी गिरफ्तारी से चार चोरी और नकबजनी के मामलों का खुलासा हुआ है।

दरअसल बुधवार की दोपहर तुमीडीह महुआ चौक के पास पुलिस ने संदेही शिवम बरेठ को पकड़ा। सूचना मिली थी कि वह और उसके साथी क्षेत्र की दुकानों में चोरी करते हैं। पूछताछ में शिवम ने बताया कि उसने सितंबर माह में अपने साथी राकेश सोनी के साथ सराईपाली के यश मोबाइल, तुमीडीह के प्रधान मोबाइल और महुआ चौक स्थित कपड़े की दुकान में चोरी की थी। साथ ही एक अन्य नाबालिग साथी के साथ भगत कॉलोनी, पूंजीपथरा से एचएफ डिलक्स बाइक की चोरी करना स्वीकार किया। शिवम की निशानदेही पर उसके साथी नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया और दोनों के मेमोरेंडम पर चोरी की सम्पत्ति जब्त की गई। पुलिस ने दो बाइक, एक ईयरबड, ईयरफोन, ब्लूटूथ स्पीकर, चार पैंट, लोवर, टीशर्ट, शर्ट, जूते, चार्जर सहित डेढ़ लाख रुपए की संपत्ति बरामद की है। आरोपियों द्वारा गिरोह बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने पर उनके खिलाफ संगठित अपराध की धारा जोड़ी गई है। गिरफ्तार आरोपी शिवम बरेठ पिता 20 वर्ष निवासी बैकुंठपुर बुजबंधान तालाब के पास व एक नाबालिग बालक को सक्षम न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया है।

### वन अमले को खूब छका रहा तेंदुआ

**जांजगीर-चांपा ।** अटल बिहारी वाजपेई ताप विदयुत परियोजना क्षेत्र मडवा में तीसरे दिन भी तेंदुआ की खोजबीन जारी रही। सुरक्षा को लेकर वन विभाग की टीम प्लांट परिसर के आसपास मुस्तैद है। साथ ही साथ आसपास के गांवो में सुरक्षा को लेकर मुनादी कराई गई है। ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मडवा में अटल बिहारी वाजपेई ताप विद्युत गृह का संचालन किया जा रहा है। सोमवार 27 अक्टुबर को प्लांट परिसर के आसपास तेंदुआ होने की जानकारी मडवा पावर प्लांट में कार्यरत सुरक्षा कर्मियो को मिली तो इसकी सूचना उन्होंने प्लांट प्रबंधन सहीत वन विभाग की टीम को दी। जिसके बाद वन विभाग की टीम पिछले तीन दिनो से तेंदुऐ की धडपकड को लेकर मस्तैद हो गई है। तीन दिनो से वन विभाग की टीम के द्वारा तेंदुए की धडपकड को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

## बिलाईगढ़ कॉलेज में समाजशास्त्र परिषद का गठन

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज बिलाईगढ़ में समाजशास्त्र विभाग में समाजशास्त्र परिषद का गठन किया गया। विभाग के सुचारू संचालन एवं छात्र छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित इस परिषद में एमए समाजशास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को पदाधिकारी के रूप में मनोनीत किया गया है।



परिषद के नव.निर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार हैं। अध्यक्ष हेमलता बनर्जी एमए तृतीय सेमेस्टर उपाध्यक्ष नंदिनी प्रजापति एमए प्रथम सेमेस्टर, सचिव साधना प्रधान एमए तृतीय सेमेस्टर सह सचिव रामेश्वरी मानिकपुरी, इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. तुलेश्वर सिंह ध्रुव एवं कक्षा शिक्षक धनंजय कर्ष उपस्थित रहे।

### हाईस्कूल थरगांव में साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले

**बिलाईगढ़।** हाईस्कूल थरगांव में कक्षा नवमी की 24 बालिकाओं को साइकिल वितरण की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में थरगांव की सरपंच श्रीमती कमलेश्वरी साहू तथा उपसरपंच रमेश मिश्रा उपस्थित रहे। सायकल प्राप्त कर बालिकाओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी। कार्यक्रम के दौरान सरपंच ने बालिकाओं से कहा कि वे नियमित रूप से विद्यालय आएं। मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना बालिकाओं की शिक्षा को नई दिशा और उड़ान प्रदान कर रही है।



### कलेक्टर ने की पीएम उज्जवला योजना के प्रगति की समीक्षा

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के समस्त गैस एजेंसी संचालकों का बैठक आयोजित किया गयाए जिसमें सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन तथा शासन के महत्वपूर्ण योजना धरती आबा से संलग्न 17 ग्रामों में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदाय किये जाने हेतु कलेक्टर के द्वारा निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों को पीएम उज्ज्वला योजना से निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करें। बैठक में जिले के अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, सभी सीईओ जनपद पंचायत, सहायक खाद्य अधिकारी तरुण नायक, विद्यानंद पटेल आदि उपस्थित रहे।

## प्रतीक्षालय में यात्री के बैग से चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ के केवडाबाड़ी बस स्टैंड पर यात्री के बैग से 1 लाख रुपए चोरी करने वाले दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपियों से नकदी रकम 92 हजार रुपए बरामद कर उन्हें रिमांड पर भेज दिया है।

दरअसल कटाईपाली डी निवासी गजेन्द्र कुमार राठिया पिता पीलीलाल राठिया 24 वर्ष ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई



कि वह 28 अक्टूबर को विजय कुमार राठिया के साथ केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड में बस का इंतजार कर रहे थे, इस दौरान उनकी आंख लग गई। सुबह जब दोनों उठे तो देखा कि उनके पिट्ठू बैग का चैन खुला हुआ है और उसमें रखें करीब 1 लाख के साथ दोनों के पर्स गायब हैं। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। पुलिस ने बस स्टैंड क्षेत्र में पूछताछ के दौरान संदिग्ध विवेक सारथी 26 साल और दीपक डोंगरी 20 साल दोनों निवासी बापूनगर को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात स्वीकार की और बताया कि उन्होंने रात में बैग का चैन खोलकर पैसे व पर्स निकाल लिए थे। चोरी के बाद पर्स को नाले में फेंक दिया गया और नकदी को गिनने पर 92 हजार रुपए निकले। जिसमें विवेक सारथी ने 60 हजार और दीपक डोंगरी ने 32 हजार रुपए आपस में बांट लिए। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 92 हजार रुपए नकदी बरामद कर उन्हें गिरफ्तार किया है। वहीं उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है।

## धान परिवहन में गड़बड़ी रोकने की जा रही कवायद, आईसीसी (इंटीग्रेटेड कमांडिंग एंड कंट्रोल) टीम गठित

# वाहनों में लगेगी वीटीएस, समिति से निकलते ही हो जाएगा चालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इस बार धान परिवहन को लेकर काफी सतर्कता बरती जा रही है। इसके लिए परिवहन करने वाली गाड़ियों में वीटीएस (व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम) लगेगा। इसकी मॉनिटरिंग करने के लिए आईसीसी (इंटीग्रेटेड कमांडिंग एंड कंट्रोल) की टीम गठित की गई है। जब गाड़ी समिति से धान लोड़कर निकलेगी तो वीटीएस चालू हो जाएगी।

यदि रास्ते में कारण वश वाहन रोकना पड़ा, ट्रेक से 10 कदम भी इधर-उधर हुआ या कुछ देरी हुई तो अलर्ट जारी हो जाएगा। इस अलर्ट के बाद तहसीलदार एक टिकट जारी करेगा। उसे लेकर तहसील की टीम मौके पर जाकर जांच करेगी। यदि वहां पर निराकरण नहीं हो सका तो मामला जिला स्तर की टीम के पास ट्रांसफर हो जाएगा। यहां भी मामला नहीं सुलझा तो सीधे स्टेट में प्रकरण चला जाएगा। फिर वहां से इसका निराकरण किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टोरेट में सिस्टम जनरेट किया गया है। यहां जीपीएस के साथ पांच टीवी लगा है। वाहन निकलेगी तो स्क्रीन में नजर आएगी।गंतव्य तक पहुंचते तक उस पर नजर रहेगी। दरअसल परिवहन में भारी गड़बड़ी की शिकायत आती है। एक ही धान को दो-तीन बार परिवहन करने की जानकारी मिलती है। इसके कारण ही इस तरह की कवायद की जा रही है। अब एक गाड़ी के पीछे दर्जन भर से अधिक अधिकारियों की निगाहें रहेगी। इससे परिवहन में कम से कम गड़बड़ी रुकने की बात कही जा रही है।




**यहीं से होगी मॉनिटरिंग, ट्रेक से 10 कदम भी इधर-उधर हुआ तो जारी हो जाएगा अलर्ट, मौके पर पहुंच जाएंगे अधिकारी**

### डाउनलोड करना पड़ेगा सतर्क एप

आईसीसी टीम में शामिल अधिकारियों को सतर्क एप डाउनलोड करना पड़ेगा। इसके लिए उनको आईडी पासवर्ड दिया जाएगा। यह एप अधिकारियों को सूचना देता रहेगा। याने वाहनों की आवाजाही में किसी तरह की गतिरोध होने पर तत्काल अधिकारियों को सूचना मिल जाएगी।

### गेट में खीचेंगे फोटो

जैसे ही गाड़ी लोड होकर बाहर निकलेगी तो गेट पर उसका ड्राइवर के साथ फोटो खींचा जाएगा। इसके बाद जब गंतव्य पर ही फोटो खींचा जाएगा। कुल मिलाकर जो व्यक्ति धान लेकर गया है वहीं गंतव्य तक पहुंचा है यह कंन्फर्म किया जाएगा। इसके बाद ही धान अनलोड होगा।

## एसआईआर में केवल 5-6 प्रतिशत मतदाताओं को ही दस्तावेज देने की होगी जरूरत

**रायगढ़।** विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान छत्तीसगढ़ में विगत एसआईआर की मतदाता सूची वर्ष 2003 को आधार मानकर जो मिलान किया गया है उसमें बीएलओ द्वारा वर्तमान में केवल अपने मतदान केंद्र के मतदाताओं का मिलान किया गया है जो कि 71 प्रतिशत के करीब है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2003 के बाद से आज पर्यंत कई मतदाता अन्यत्र शिफ्ट हुए हैं, मतदान केन्द्रों का परिसीमन भी हुआ है। एन्यूमरेशन फेज में बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर सर्वे के दौरान यह मिलान प्रतिशत 10-15 प्रतिशत और बढ़ जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की मतदाता सूची में लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। वर्ष 2003 के एसआईआर के बाद विवाहित महिलाएं अपने तत्कालीन मतदान केंद्र से अन्यत्र स्थानांतरित हुई हैं। बीएलओ द्वारा घर-घर एन्यूमरेशन फेज में 15 से 20 प्रतिशत और महिला मतदाताओं का मिलान किया जा सकेगा। इस प्रकार मिलान का कुल प्रतिशत 71 प्रतिशत से बढ़कर 94-95 प्रतिशत हो जाएगा और केवल शेष बचे मतदाताओं से ही दस्तावेज लेने की आवश्यकता होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के दौरान विभिन्न नवाचारों के माध्यम से मतदाताओं को सुविधा प्रदान करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना के बाद रेलवे ने 800 यात्रियों को बसों से पहुंचाया हटिया

**राउरकेला।** बुधवार को राउरकेला हाटिया रेलमार्ग के कर्णुआं स्टेशन के पास एक मालगाड़ी की 14 बोगियां पटरी से उतर जाने से रांची मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया। इस घटना के कारण पुरी हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस टाटी स्टेशन के पास रोक दी गई थी। गंतव्य तक पहुंचने का कोई साधन न होने पर यात्रियों को वापस राउरकेला स्टेशन लाया गया। दोपहर करीब 5 बजे ट्रेन के पहुंचते ही रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष बस सेवा की व्यवस्था की। शाम 6 बजे तक लगभग 800 यात्रियों को स्टेशन के दूसरे प्रवेश द्वार से 18 बसों के माध्यम से हाटिया रवाना किया गया। रेल कर्मचारियों और आरपीएफ जवानों ने यात्रियों की सहायता में पूरी तत्परता दिखाई।

### जर्मनी के लिए रवाना हुआ सुंदरगढ़ का फुटबॉलर परसंजीत

**राजगांगपुर।** सुंदरगढ़ जिले के कुतरा ब्लॉक अंतर्गत रजाबासा गांव के उभरते फुटबॉल खिलाड़ी परसंजीत बाड़ा भारत की जूनियर फुटबॉल टीम में चयनित होकर जर्मनी के लिए रवाना हो गए हैं। वे आगामी 31 अक्टूबर से बुंडेसलीगा मैदान में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए ओडिशा से चयनित होने वाले परसंजीत बाड़ा एकमात्र खिलाड़ी हैं। परसंजीत के पिता सचिंद्र बाड़ा और माता जेमा बाड़ा ने बेटे की सफलता पर गर्व और हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। करीब दो वर्ष पूर्व राउरकेला में हुए एक ट्रायल मैच में शानदार प्रदर्शन कर परसंजीत ने फुटबॉल जगत में अपनी पहचान बनाई थी। इसके बाद उनका चयन भुवनेश्वर फुटबॉल अकादमी में प्रशिक्षण के लिए हुआ।

### प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने लायंस डिस्ट्रिक्ट की शतरंज स्पर्धा

**राउरकेला।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 सी 2 के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का सफल समापन ब्राह्मणी क्लब में हुआ। इस अवसर पर जिला गवर्नर पूर्व जिला गवर्नर तथा जीएटी वाइस चेयरमैन, मल्टिपल 322 सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कैबिनेट सेक्रेटरी, कैबिनेट ट्रेज़रर एवं वेदव्यास ग्रीटर क्लब के अध्यक्ष की भी उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में यूथ एवं चिल्ड्रन स्किल डेवलपमेंट चेयरपरसन और सीएस चेस सेंटर एवं उनकी टीम की भूमिका सराहनीय रही।

### तांबा के साथ चोर गिरफ्तार




**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले की लहुणीपाड़ा थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी हुई तांबे तार बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, साथ ही चोरी में प्रयुक्त एक पिकअप वैन को भी जब्त किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बनई एसडीपीओ रामचंद्र बिश्वाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि करीब एक माह पूर्व लहुणीपाड़ा थाना क्षेत्र के बड़घाट स्थित टाटा पावर ट्रांसफॉर्मर परिसर से अज्ञात चोरों ने तांबे की तार काटकर चोरी कर ली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच टीम गठित की थी। जांच के क्रम में पुलिस ने जलदा, नाला रोड और देवगांव समेत कई इलाकों में छापेमारी कर चार संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात में संलिप्तता स्वीकार कीए जिसके बाद पुलिस ने चोरी की गई तांबे की तार और पिकअप वैन बरामद कर ली। एसडीपीओ बिश्वाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से आगे की पूछताछ जारी है और इस गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों की तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है।

---

### पुलिस को देखकर तस्कर हुए फरार, आरोपियों की तलाश तेज

# पैदल ले जा रहे 15 गौवंशों को पुलिस ने छुड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- गौ तस्करों पर जशपुर पुलिस का 'शंखनाद' जारी

गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस का "ऑपरेशन शंखनाद"एक बार फिर पूरी ताकत से गूंजा है। चौकी मनोरा पुलिस ने केसरा जंगल के रास्ते झारखंड की ओर पैदल ले जाए जा रहे 15 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से सकुशल मुक्त कराया। पुलिस को देखकर तस्कर गौवंशों को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर भाग निकले।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के तहत जशपुर पुलिस अब तक सैकड़ों गौवंशों को तस्करों से छुड़ा चुकी है और 50 से अधिक तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। बताया जा रहा है कि मुखबिर की सूचना पर तत्काल एक्शन लिया गया। 28 अक्टूबर की रात चौकी मनोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति ग्राम केसरा के जंगल से लावा नदी पुल मार्ग होते हुए 15 गौवंशों को पैदल, मारते-पीटते हुए झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दिनेश पुरैना अपनी टीम के साथ तत्काल केसरा जंगल की ओर रवाना हुए। पुलिस दल जब लावा नदी पुल के पास पहुंचा तो दो संदिग्ध व्यक्ति तेजी से गौवंशों को हांकते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें पकड़ने के लिए घेराबंदी की, लेकिन पुलिस की गाड़ी देखते ही दोनों तस्कर गौवंशों को वहीं छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने सभी 15 गौवंशों को सुरक्षित बरामद कर पशु चिकित्सक से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दिनेश पुरैना, सहायक उप निरीक्षक शांति प्रमोद टोप्पो, प्रधान आरक्षक प्रीतम टोप्पो, आरक्षक रोशन पैकरा और जगजीवन यादव की सराहनीय भूमिका रही।



**जारी रहेगा ऑपरेशन शंखनादः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस लगातार गौ तस्करी के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है। चौकी मनोरा क्षेत्र में 15 गौवंशों को सकुशल बरामद किया गया है। फरार तस्करों की तलाश जारी है। 'ऑपरेशन शंखनाद' आगे भी पूरी ताकत से जारी रहेगा।

#### की जा रही विवेचना

पुलिस ने फरार तस्करों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(क)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की है।

---

## घाट की सफाई कर बच्चों के लिए बनाया जाएगा बाल उद्यान



- कलेक्टर ने किया कुनकुरी छठ घाट का निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरुवार को नगरी निकाय कुनकुरी के छठ घाट का निरीक्षण किया और स्थानीय जनप्रतिनिधीयों के साथ समीक्षा बैठक लेकर कुनकुरी के छठ घाट के सौन्दर्यीकरण के लिए सुझाव भी लिए।

कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कुनकुरी छठ घाट के सौन्दर्यीकरण करने के लिए 5 करोड़ 17 लाख की स्वीकृति दी है। इस राशि का उपयोग कुनकुरी के विकास कार्यों के लिए किया जाएगा। उन्होंने कुनकुरी छठ घाट के आस-पास सीमांकन करने और मुआवजा राशि का भी समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान छठ घाट के सौन्दर्यीकरण के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ आम नागरिकों ने अच्छा सुझाव भी दिए। कलेक्टर ने कुनकुरी तालाब उद्यान आदि अन्य जगहों की देखरेख, साफ-सफाई के लिए समिति बनाने के निर्देश दिए हैं।

---

# नवमीं पर आंवला पेड़ में बांधे गए रक्षा सूत्र

- पूजा-अर्चना करने बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालु

**जशपुरनगर।** गुरुवार को आंवला पूजा के अवसर पर जिले में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जहां जिला मुख्यालय के लक्ष्मी मंदिर के पास स्थित आंवला पेड़ के नीचे श्रद्धालु पूजा अर्चना करने बड़ी संख्या में जुटे। वहीं जिले के पिकनिक स्थलों सहित अन्य क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने पूजा करते हुए आंवला पेड़ में रक्षा सूत्र बांधा और पेड़ के नीचे भोजन किया।

आंवला पूजा मनाने की परंपरा वर्षो से चली आ रही है और इसका स्वरूप और व्यापक होता जा रहा है। गुरुवार को आंवला नवमीं के अवसर पर आंवला पेड़ के नीचे सुबह से ही पूजा के लिए महिलाओं का तांता लगा रहा। इस दिन बिना पूजा किए और पेड़ के नीचे पहला आहार लिए बिना श्रद्धालु किसी भी प्रकार का आहार नहीं लेते हैं। यहां के लक्ष्मी मंदिर में महिलाओं ने आचार्यों के मार्गदर्शन में आंवला पेड़ पर रक्षा सूत्र बांधा और ब्राम्हणों व आचार्यों से नवमीं की कथा का श्रवण किया।



**है वैज्ञानिक महत्वः** इस पूजा का वैज्ञानिक महत्व भी माना जाता है। कहा जाता है कि औषधिय गुणों से परिपूर्ण होने के कारण आंवले के पेड़ को विशेष सम्मान के साथ संरक्षित रखा जाता है। श्रद्धालुओं ने आंवला पेड़ के आसपास की साफ सफाई कर गोबर से लिपे। वहीं आंवला पेड़ में मौली धागा लपेटते हुए परिक्रमा कर मूंगफली के दाने सहित अन्य वस्तुएं चढ़ाएं। आज के दिन आंवला पेड़ मेंमौली बांधकर, अक्षत,चंदन, रोली लगाकर पेड़ की पूजा का विशेष महत्व होता है।

**गुप्त दान का मिलता है विशेष लाभः** नवमीं पूजा के अवसर पर दान की भी परंपरा है। इस दिन दान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। आचार्य सत्य नारायण पाठक ने कहा कि अक्षयनवमीं के दिन दान का विशेष महत्व माना जाता है। परंपरा है कि इस दिन गुप्त दान करने का विशेष लाभ होता है।

---

# कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल, ऑपरेशन 'आघात में पुलिस का बड़ा वार

जशपुर पुलिस के 'ऑपरेशन आघात अभियान के तहत नशे के अवैध कारोबार पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। इसी क्रम में कुनकुरी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस की यह कार्रवाई अवैध शराब कारोबारियों के लिए एक सख्त चेतावनी मानी जा रही है। थाना कुनकुरी पुलिस को 29 अक्टूबर की सुबह मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुखबासु पारा, कोरवा डेरा निवासी जीतू उर्फ डैनी उम्र 30 वर्ष अवैध रूप से दो ज़रकिन में कच्ची महुआ शराब भरकर गड़ाकाटा की ओर बिक्री के उद्देश्य से जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए कार्रवाई के निर्देश प्राप्त किए और पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया। टीम जब गड़ाकाटा मार्ग की ओर बढ़ रही थी, तभी दुर्गा पंडाल के पास एक संदिग्ध युवक पुलिस को दिखाई दिया। जिसके पास एक झोला था। मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए से उसका मिलान करने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। युवक ने अपना नाम जीतू उर्फ डैनी, निवासी सुखबासु पारा कोरवा डेरा थाना कुनकुरी बताया। तलाशी लेने पर झोले के अंदर दो प्लास्टिक की ज़रकिनों में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस द्वारा जब शराब रखने व बिक्री के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, तो आरोपी कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।



#### आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध

पुलिस ने मौके पर ही शराब और ज़रकिन को जब्ती पंचनामा के तहत जब्त कर लिया और आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ में आरोपी ने अवैध शराब को बिक्री के लिए ले जाने की बात स्वीकार की। इस पर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक छविकांत पैकरा, आरक्षक सुजीत खाखा तथा नगर सैनिक अजय श्रीवास्तव की सराहनीय भूमिका रही।

#### नशे के कारोबारियों पर कड़ी निगरानी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर जिले में 'ऑपरेशन आघात' के तहत पुलिस लगातार नशे के अवैध कारोबार पर कार्रवाई कर रही है। कुनकुरी क्षेत्र में 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस की सतर्कता और सक्रियता का परिणाम है। ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

---

## बंडामुंडा में पांच घरों में चोरी, चोरों ने उड़ाए गहने और नकदी

**राउरकेला।** छठ पूजा की सुबह जब अधिकांश लोग अर्घ्य अर्पण के लिए घाटों की ओर गए हुए थे, उसी समय बंडामुंडा क्षेत्र में चोरों ने एक साथ पांच घरों को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यह घटना मंगलवार सुबह की है, जब लोग छठी माई को अर्घ्य देने के लिए घरों से निकले थे। मौके का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों ने बंद घरों के ताले तोड़ दिए और अलमारियों को खंगालकर नकदी व कीमती आभूषण लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, बंडामुंडा थाना क्षेत्र के सेक्टर ए स्थित रेलवे क्वार्टर संख्या 319, 352 और 373 सहित दो निजी मकानों में चोरी की घटना हुई है। वहीं एक अन्य घर में चोरी की कोशिश नाकाम रही। बताया जा रहा है कि चोरों ने सोने चांदी के आभूषणों के साथ हजारों रुपए नकद पर हाथ साफ किया। क्वार्टर संख्या 352 में रहने वाले रेलकर्मी दामोदर बाघ की पत्नी के अनुसार, उनके घर से सोने की एक चैन, कान की एक जोड़ी छोटी बाली, दो जोड़ी बड़ी बाली, दो जोड़ी चांदी की पायल, पांच ब्रेसलेट, एक चांदी की चैन और 5,000 रुपए नकद चोरी हुए। वहीं क्वार्टर संख्या 319 में रहने वाले रेलकर्मी आशीष ठाकुर के पुत्र ने बताया कि उनके घर से करीब 50 हजार रुपए नकद और सोने चांदी के आभूषण चोरी हो गए। क्वार्टर संख्या 373 का ताला टूटा मिला, लेकिन अंदर से कोई सामान गायब नहीं हुआ। पीड़ित परिवारों ने बताया कि घटना के समय सभी रेलकर्मी ड्यूटी पर थे और उनके परिजन छठ पूजा में भाग लेने के लिए घाट पर गए हुए थे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

---

# मंदिर की नियमित सफाई, डोम शेड लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- सौन्दर्यीकरण के लिए नागरिकों ने दिए सुझाव
- कलेक्टर ने कुनकुरी के हनुमान टेकरी का किया निरीक्षण

कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरुवार को कुनकुरी विकासखंड के हनुमान टेकरी मंदिर का निरीक्षण किया और सुविधाओं, समस्याओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने मंदिर के अंदर बने पार्क के सौन्दर्यीकरण करने के निर्देश दिए हैं। पार्क की साफ-सफाई, पेड़ पौधे लगाने और बच्चों के खेलने के लिए खेल सामग्री लगाने, श्रद्धालुओं की बैठने के लिए चबूतरा निर्माण करने एवं मंदिर परिसर की श्रमदान से साफ सफाई करने और मंदिर की सीढ़ी में डोम शेड लगाने के लिए कहा है। कलेक्टर ने मंदिर परिसर के बाहर पार्किंग की व्यवस्था और घास लगाने के भी निर्देश दिए हैं। नगरवासियों ने अपनी मांगों और समस्याओं को भी कलेक्टर के सामने रखा। इस पर कलेक्टर ने यथा संभव निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील, भरत सिंह, एसडीएम नंद पांडेय, कुनकुरी नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र पात्रे, जनप्रतिनिधिगण और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



---

## 220 सीसी कैमरे से होगी निगरानी प्लेज योर कैमरा अभियान से बढ़ेगा सामुदायिक सहयोग

**राउरकेला।** सार्वजनिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने और तकनीकी आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देने की दिशा में राउरकेला पुलिस ने आज जिला पुलिस कार्यालय (डीपीओ) परिसर में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया। यह पहल प्रेडिक्टिव पुलिसिंग परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य शहर में निगरानी, अपराध निवारण और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को और मजबूत बनाना है। इस परियोजना के तहत अब तक राउरकेला शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर 220 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं, जिनमें 100 सोलर–पावर्ड कैमरे, फेशियल रिकग्निशन सिस्टम एफआरएस और ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन एएनपीआर कैमरे शामिल हैं। आधुनिक तकनीक से लैस यह नियंत्रण कक्ष वास्तविक समय में गतिविधियों की निगरानी, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और त्वरित कार्रवाई के लिए फील्ड यूनिटों को सतर्क करने में सक्षम है। इस परियोजना की विशेषता इसका सामुदायिक भागीदारी मॉडल है। अब तक 651 निजी रोड–फेसिंग कैमरों का मैपिंग किया गया है, जिनमें से 400 से अधिक कैमरा मालिक अपनी लाइव फीड स्वेच्छा से पुलिस नेटवर्क से साझा कर रहे हैं। इन नागरिकों को उनके सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए सम्मानित किया गया। यह पहल पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहभागिता का नया अध्याय लिख रही है। यह एकीकृत नियंत्रण कक्ष डेटा विश्लेषण, लाइव मॉनिटरिंग और विभिन्न पुलिस इकाइयों के बीच समन्वय का केंद्रीय केंद्र बनेगा। इसमें सीसीटीवी सेल, ईआरएसएस सेल, स्मार्ट ई–बीट सेल, वीएचएफ सेल और ट्रैफिक सेल शामिल हैं।

---

# धान घोटाले में एफआईआर दर्ज करने की मांग तेज

**जशपुरनगर।** फरसाबहार विकासखंड में हुए करोड़ों के धान घोटाले को लेकर अब राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कार्रवाई नहीं होने से नाराज जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष संजय पाठक ने तपकरा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

संजय पाठक ने कहा कि फरसाबहार क्षेत्र में हुए इस बड़े घोटाले में प्रशासन "मूकदर्शक" की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इतने दिनों बाद भी घोटालेबाजों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना शासन-प्रशासन की मौन सहमति को दर्शाता है। युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर मंडी प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ कांग्रेस अमर कुमार सोनी ने बताया कि धान घोटाले के विरोध में मुख्यमंत्री के आगमन पर प्रदर्शन करने की योजना थी, लेकिन उन्हें पुलिस ने थाने में रोक लिया। उन्होंने कहा कि "मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों का धान घोटाला होना और अब तक कोई कार्रवाई न होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस अवसर पर जिला महासचिव सोमल तिर्की, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुरेश नायक तथा विधानसभा सचिव अतुल एक्का भी उपस्थित रहे।

---

### 7 फरवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

# कलेक्टर ने एसआईआर से जुड़ी प्रक्रियाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। एसआईआर हेतु जारी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में छत्तीसगढ़ भी शामिल है। इस संबंध में कलेक्टर रोहित ने बुधवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिओम द्विवेदी और एसडीएम विश्वास राव मस्के भी मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर ने एसआईआर से जुड़ी प्रक्रियाओं और तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील भी की, ताकि कार्य पूरी शुद्धता के साथ संपादित हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी कार्य नियमों के दायरे में किए जाएंगे। एसआईआर का कार्य डिजिटल तरीके से किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र में लगभग 1000 मतदाता होते हैं। हर मतदान केन्द्र के लिए एक बूथ स्तरीय अधिकारी होता है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्र होते हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी होता है। ईआरओ एक उप-मंडल मजिस्ट्रेट स्तर का अधिकारी होता है जिनका कार्य कानून के अनुसार ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार करना दावों और आपत्तियों को प्राप्त करना, उन पर निर्णय लेना, अंतिम मतदाता सूची तैयार और प्रकाशित करना है। प्रत्येक तहसील के लिए तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होता है। उन्होंने बताया कि बूथ स्तरीय अधिकारी नए मतदाताओं को शामिल करने हेतु फॉर्म-6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे। साथ ही वे मतदाताओं के आधार नंबर को लिंक करने में सहायता करेंगे। मतदाताओं को ईएफ भरने में मदद करेंगे। एकत्र किए गए प्रपत्रों को ईआरओ एवं एईआरओ के पास जमा करेंगे। वे प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेष कर शहरी मतदाता, अस्थायी प्रवासी, ई.एफ. वेबसाइट https://www.eci.gov.in/ पर ऑनलाईन भी भर सकते हैं।



#### मुद्रण, प्रशिक्षण कार्य चलेगा 3 तक

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के प्रमुख चरण मुद्रण, प्रशिक्षण कार्य 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक, घर-घर जाकर सत्यापन कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक, मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को, दावे और आपत्ति, 9 दिसंबर से 8 जनवरी तक, सुनवाई और सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। गणना चरण के दौरान विधिवत भरे गए गणना प्रपत्रों का मुद्रण, वितरण, मिलान और संग्रहण 1,200 मतदाताओं की अधिकतम सीमा वाले मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। ड्राफ्ट रोल में वे सभी मतदाता शामिल होंगे जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हो गए हैं। ड्राफ्ट रोल में शामिल न किए गए अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत डुप्लिकेट नामों की सूची सीईओ वेबसाइट सार्वजनिक कार्यालयों पर चस्पा की जाएगी। ईआरओ, एईआरओ को नोटिस जारी करने और उस पर निर्णय लेने का अधिकार होगा। नोटिस उन मतदाताओं को जारी किए जाएंगे जिनका अंतिम एसआईआर से लिंक नहीं किया जा सका।

---

### कुत्ते ने युवती को काटा

**अम्बिकापुर।** बेटे को स्कूल से लेकर घर जा रही युवती को पालतू कुत्ता ने काट लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने कुत्ता पालने वाले के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खाला पखाडबरा निवासी प्रियंका अगरिया आ. रघुराम अगरिया (22 वर्ष) मंगलवार की शाम अपने लकड़ा समर्थ अगरिया को स्कूल से लेकर पैदल घर आ रही थी। जैसे ही गांव के ही जगदीश एक्का के घर के पास पहुंची तभी जगदीश का पालतू कुत्ता ने उसे काट लिया। कुत्ता को काटते देख आसपास मौजूद लोगों ने कुत्ता को भगाया। पालतू कुत्ता इससे पहले भी कई लोगों को काट जख्मी कर चुका है। कुत्ता के काटने से घायल हुई महिला ने घटना की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने कुत्ता पालने वाले के विरूद्ध धारा 291 के तहत अपराध दर्ज किया है।



## एक दीवाने की दीवानियत के बाद अब एक्शन अवतार में दिखेंगे हर्षवर्धन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' के लिए खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब खबर है कि अभिनेता डायरेक्टर मिलाप जवेरी के साथ काम करने जा रहे हैं। यह नया प्रोजेक्ट एक हाई-एनर्जी मास एंटरटेनर बताया जा रहा है, जो दोनों की जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर लेकर आएगी। सोशल मीडिया पर हर्षवर्धन राणे ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'मुझे मिलाप सर की स्क्रिप्ट पर पूरा भरोसा है, अगर वो मुझे कोई कहानी देंगे, तो मैं बिना सोचे साइन कर दूंगा।' इस पर डायरेक्टर मिलाप जवेरी ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा, 'मैंने तो ऑफर दे दिया है मेरे दोस्त!

लाइफ Style



# हुमा

## राजगद्दी के लिए ताकत झोकेंगी भारती देवी

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी 'महारानी 4' के साथ एक बार फिर ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इसका नया ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज कर दिया गया है। इस सीजन में पहले से भी ज्यादा राजनीतिक षड्यंत्र देखने को मिलेंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारती देवी हार मानने वाली नहीं हैं, बल्कि दिल्ली की कुर्सी तक पहुंचने की कोशिश करेंगी। 'महारानी 4' का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें इस बार भारती देवी अकेली नहीं, बल्कि अपने कुनबे के साथ दिखाई दे रही हैं। सीरीज में भारती सिंह की बेटी और बेटे की एंट्री हो चुकी है। भारती सिंह की बेटी का किरदार श्वेता प्रसाद ने निभाया है, जो मां की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन इस बार भारती देवी दिल्ली की राजगद्दी यानी प्रधानमंत्री बनने की लड़ाई लड़ती नजर आएंगी। सीरीज में ट्विस्ट यह भी है कि 10 साल पुराने केस में भारती देवी को फंसाने की कोशिश की जाएगी। अब भारती देवी इन परिस्थितियों से कैसे लड़ती हैं, यह तो सीरीज देखने के बाद ही पता चलेगा।'महारानी 4' को सात नवंबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा. गौर करने वाली बात यह है कि सीरीज को बिहार चुनाव के दौरान स्ट्रीम करने का फैसला लिया गया है। 6 नवंबर को बिहार में पहले चरण के विधानसभा चुनाव हैं और 7 नवंबर से दर्शक सीरीज को देख पाएंगे. 'महारानी' का हर सीजन बिहार की राजनीति पर आधारित है और बिहार चुनाव के दौरान सीरीज को रिलीज करना मेकर्स के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

### हॉलीवुड मसाला



## शादी के 2 साल बाद बनीं मां

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'कैप्टन अमेरिका' उर्फ हॉलीवुड एक्टर क्रिस इवांस पापा बन गए हैं। उनके घर में बेबी गर्ल की किलकारियां गूंजी है। वाइफ एल्बा बैप्टिस्टा शादी के दो साल बाद मां बनी हैं। लेकिन, किसी को भी उनकी प्रेग्नेंसी की कानोंकान खबर तक नहीं मिली। कपल ने 24 अक्टूबर 2025 को मैसाचुसेट्स में अपनी बेटी अल्मा ग्रेस बैप्टिस्टा इवांस का स्वागत किया। दोनों ने साल 2023 में शादी की थी। क्रिस और एल्बा दोनों ही अपनी पर्सनल लाइफ को लाइमलाइट से दूर रखते हैं।



## आज भी सुनाई देती है मैथ्यू की आवाज : केटलीन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर और 'फ्रेंड्स' फेम मैथ्यू पेरी को गुजरे लगभग दो साल हो चुके हैं, लेकिन उनके चाहने वालों और परिवार के लिए वो आज भी यादों में जिंदा हैं। हाल ही में मैथ्यू की बहन केटलीन मॉरिसन ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें आज भी अपने भाई की मौजूदगी महसूस होती है। कभी-कभी वो उनकी आवाज तक सुन सकती हैं मानो मैथ्यू अब भी उनके साथ हों। उन्होंने कहा, 'जब भी कुछ होता है, मैं सोचती हूं कि मैथ्यू इस पर क्या कहते और तभी ऐसा लगता है जैसे उनकी आवाज कानों में गूंज रही हो'। इसके बाद केटलीन ने मुस्कुराते हुए कहा, 'शायद वो यहीं हैं। कौन जानता है शायद आत्माएं सच में होती हैं।' इसके बाद कैटलिन ने हंसते हुए कहा, 'अगर ऐसा है तो अब हम साथ में मिट्टी के बर्तन बनाएंगे।'



## हमेशा चाहती थीं मृत्यु को समझना...

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने बौद्ध शिक्षाओं और अध्यात्म के जरिए जीवन और मृत्यु को समझने की अपने सफर के बारे में बताया। मनीषा कोइराला ने गुरु मिंग्युर रिनपोछे के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर कीं। इसके साथ ही मनीषा ने कैप्शन में लिखा, 'हमेशा मृत्यु को समझना चाहती थीं, ताकि उसका डर खत्म हो जाए।' मनीषा ने आगे किताब 'द तिब्बती बुक ऑफ लिविंग एंड डाइंग' की एक पंक्ति लिखी- 'आप वैसे ही मरते हैं जैसे आप जीते थे'। मनीषा ने अपनी इस पोस्ट में न्यिमा रिनपोछे से हुई मुलाकात के बारे में जिक्र करते हुए लिखा, '2008-09 में चोकी न्यिमा रिनपोछे से मिलीं। मैंने सवाल पूछा- 'मेरा जीवन उद्देश्य क्या?'



## डकैत और लव एंड वॉर में होगा मुकाबला

**मुंबई।** अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनित फिल्म 'डकैत' की नई रिलीज डेट तय हो गई है। पहले यह फिल्म दिसंबर 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन शेष की चोट के कारण इसकी नई रिलीज डेट जारी की गई है। मृणाल ने अपनी आगामी फिल्म 'डकैत' का एक नया पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। 'डकैत' 19 मार्च, 2026 को, उगादि और ईद के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कथित तौर पर यह संजय लीला भंसाली की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'लव एंड वॉर' के आस पास रिलीज होगी, जिसमें आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं। 'लव एंड वॉर' 20 मार्च, 2026 को रिलीज हो रही है। फिल्म 'डकैत' एक प्रेम कहानी है। शेष और मृणाल के अलावा फिल्म में अनुराग कश्यप की अहम भूमिका में नजर आएंगे।

### टीवी मसाला



## नेहल ने बिग बॉस से बाहर आते ही फरहाना को बताया झगड़ालू

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' में इस बार दर्शकों को कई ऐसे मोड़ देखने को मिले, जिन्होंने सबको चौंका दिया। इस हफ्ते के 'वीकेंड का वार'में नेहल चुडासमा और बसीर अली को कम वोटों के आधार पर घर से बाहर कर दिया गया। शो में नेहल हमेशा अपने गेम और सच्ची दोस्ती के लिए जानी गईं। घर से बाहर आने के बाद नेहल ने बताया कि उनकी फरहाना भट्ट संग दोस्ती में कैसे दरारें आनी शुरू हुईं। नेहल चुडासमा ने अपने और फरहाना भट्ट के रिश्ते के बारे में बात की। दोनों की दोस्ती कुछ हफ्ते पहले तक काफी मजबूत थी और उन्होंने कई टास्क और मुश्किल हालातों में एक-दूसरे का साथ दिया, लेकिन कुछ समय बाद यह दोस्ती तनावपूर्ण होने लगी. नेहल का घर से बाहर होना फरहाना के लिए काफी भारी पड़ गया। उन्हें यह देखकर दुख हुआ और वह रोती हुई नजर आईं। वह नेहल के साथ अपने झगड़े को लेकर पछतावा करती दिखी। इस बारे में नेहल ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने कहा, फरहाना को पछतावा मेरे शो के जाने के बाद हुआ। मैं उसके इस इमोशन की कद्र करती हूं, लेकिन मेरे लिए इसकी कोई खास अहमियत नहीं है, क्योंकि यह मुझसे सीधे तौर पर नहीं कहा गया। फरहाना के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए नेहल ने कहा, मुझे फरहाना ने निराश किया, क्योंकि वह अक्सर बिना वजह झगड़ा करती थी, कोई क्लियर फैसला नहीं लेती थी और कई बार दूसरों को भड़काती थी। उसमें थोड़ा बहुत अहंकार भी था, इसलिए मेरा निराश होना लाजमी था।

### डिवोर्स की अफवाहों पर भड़कीं माही

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की मशहूर एक्ट्रेस माही विज और एक्टर-होस्ट जय भानुशाली इन दिनों अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह अफवाह जोरों पर थी कि दोनों ने



14 साल की शादी के बाद तलाक ले रहे हैं। हालांकि, अब माही विज ने इन खबरों पर कड़ा रिएक्शन दिया है और इसे 'फॉल्स नैरेटिव'बताते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। हाल ही में एक इंस्टाग्राम पेज ने दावा किया कि जय और माही ने जुलाई-अगस्त 2025 में तलाक के कागजात पर साइन कर दिए हैं। इतना ही नहीं, उनके तीनों बच्चों की कस्टडी भी तय हो गई है। इस पोस्ट पर माही विज ने सीधे तौर पर कॉमेंट करते हुए लिखा, 'झूठी खबें मत फैलाओ। मैं इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगी।' यह रिएक्शन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जहां फैंस ने सपोर्ट किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के रिश्ते में काफी समय से खटपट चल रही थी।




## इक्कीस का ट्रेलर रिलीज
### दिखी जवानों की दमदार कहानी

**मुंबई।** 'वो इक्कीस का था- इक्कीस का ही रहेगा' इस टैग लाइन से शुरू होगी कहानी। परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल की कहानी पर आधारित फिल्म 'इक्कीस' का दमदार ट्रेलर बुधवार को रिलीज हुआ। ट्रेलर की शुरुआत होती है जोश और जुनून से भरे एक वादे के साथ। इस वादे को पूरे करने की शपथ लेते हैं अगस्त्य नंदा, जो फिल्म में परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभा रहे हैं। कुछ करने का जज्बा और फिर से अपनी बटालियन के लिए परमवीर चक्र वाले का वादा। फिल्म में बहादुरी, वीरता और पराक्रम के साथ एक प्यारी लव स्टोरी भी नजर आएगी। ट्रेलर में आगे अगस्त्य सैन्य प्रशिक्षण करते दिखाई देते हैं। आखिर में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र उनके दादा के रूप में दिखाई देते हैं, जो बताते हैं कि कैसे बचपन में अरुण उनकी युद्ध की कहानियां सुना करते थे। फिल्म इक्कीस में धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत, अगस्त्य नंदा, सिमर भाटिया, दीपक डोबरियाल, विवान शाह, सिकंदर खेर, राहुल देव के अलावा भी कई कलाकार नजर आएंगे। इस फिल्म को दिनेश विजान और मैडॉक फिल्म्स प्रस्तुत कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। 'इक्कीस', परमवीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल, सबसे कम उम्र के अधिकारी की कहानी से प्रेरित है। 'इक्कीस' 1971 के युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है।

## वो टीचर, जिसने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर लिखे हिट गाने, 17 साल किया संघर्ष...

**नई दिल्ली।** बनारस की गलियों में जन्मे लालजी पांडेय एक शानदार गीतकार थे, जिन्हें सब 'अनजान' के नाम से जानते हैं। लालजी का कॅरियर जितना सुपरहिट रहा, उतने ही संघर्ष भरे उनके शुरुआती दिन थे। उन्होंने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपनी दैनिक जरूरतें पूरी की थीं। बॉलीवुड में कदम रखने से पहले वह गणित के सवाल हल करवा कर अपने परिवार का पेट पालते थे।बचपन से ही उनके परिवार में कला और साहित्य का माहौल था। उनके परदादा राजाराम शास्त्री बड़े ज्ञाता थे और यही कला और शब्दों का रस उनके खून में भरा गया। उन्होंने बचपन में ही कविता और लेखनी की ओर रुचि दिखाई और बनारस के प्रसिद्ध कवि रुद्र काशिकेय से शिक्षा पाई।

***अनजान की शुरुआत :*** बनारस की पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कविताएं छपने लगीं और स्थानीय काव्य गोष्ठियों में वह अपनी सुरीली आवाज में कविता पढ़कर लोगों का दिल जीतने लगे। उस जमाने में



हरिवंश राय बच्चन की किताब 'मधुशाला' बहुत लोकप्रिय थी और अनजान ने उसका एक पैरोडी रूप 'मधुबाला' लिखा, जो नौजवानों में खूब मशहूर हुआ।

***क्यों आए मुंबई :*** मुंबई आने का फैसला उनके लिए स्वास्थ्य और करियर दोनों कारणों से जरूरी था। उन्हें अस्थमा की गंभीर बीमारी थी और डॉक्टरों ने कहा कि अगर वह शुष्क वातावरण में रहेंगे तो जिंदा नहीं रह सकते। इसलिए, उन्होंने समुद्र के किनारे कहीं बसने का निर्णय लिया और मुंबई का रुख किया। मुंबई आने के बाद अनजान को एक लंबा संघर्ष शुरू करना पड़ा। उनके बनारस के दोस्त शशि बाबू ने उन्हें गायक मुकेश से मिलवाया, जिन्होंने उनकी कविताओं को सुना और उन्हें फिल्मों में गीत लिखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ट्यूशन पढ़ाकर किया गुजारा

मुकेश की मदद से उन्हें प्रेमनाथ की फिल्म 'प्रिजनर ऑफ गोलकुंडा' में काम मिला। इस फिल्म के गाने अनजान ने लिखे, लेकिन यह फिल्म फ्लॉप रही, पर दर्शकों को गाने पसंद आए। यही वह दौर था जब अनजान को जीविका चलाने के लिए बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना पड़ता था। ट्यूशन पढ़ाना उनके लिए सिर्फ पैसे कमाने का जरिया नहीं था, बल्कि यह उनके संघर्ष और मेहनत की कहानी का अहम हिस्सा भी था।

***17 साल का संघर्ष :*** उनकी मेहनत और लगन रंग लाई और 17 साल के लंबे संघर्ष के बाद उन्हें फिल्म 'गोदान'में मौका मिला। इस फिल्म के गीतों ने उन्हें पहचान दिलाई और उनके काम में स्थिरता आई। इसके बाद उन्हें राजेश खन्ना और मुमताज की फिल्म 'बंधन' में गाने लिखने का अवसर मिला, जिसमें उनका गीत 'बिना बदरा के बिजुरिया'बहुत मशहूर हुआ।

**अनजान के गाने :** इसके बाद उन्होंने कल्याणजी-आनंदजी, बप्पी लहरी, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल और आर.डी. बर्मन जैसे दिग्गज संगीतकारों के साथ काम किया। उन्होंने बॉलीवुड को 'खइके पान बनारस वाला', 'पिपरा के पतवा सरीखा डोले मनवा' और 'बिना बदरा के बिजुरिया'जैसे हिट गाने दिए। उनके गीतों में भोजपुरी और पूर्वांचल की मिठास झलकती थी।

### अपराध की दुनिया में इंसान की जान की कीमत एक गोली से ज्यादा नहीं

# इन फिल्मों-सीरीज में दिखीं ड्रग माफिया की कहानी

***नई दिल्ली।*** *ब्राजील एक बार फिर दुनिया की सुर्खियों में है। रियो डी जेनेरियो के दो इलाकों में ड्रग माफिया के खिलाफ पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई, जिसमें एक ही दिन में 64 लोगों की मौत और 81 गिरफ्तारियां हुईं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने इस पर चिंता जताई है। लेकिन, ब्राजील के इन अपराधी नेटवर्क्स की गहराई और भयावहता सिर्फ वास्तविक दुनिया में नहीं, बल्कि हॉलीवुड फिल्मों में भी कई बार दिखाई गई है। रियो की बस्तियों में पलने वाले अपराध और हिंसा की कहानियां कई फिल्मों के जरिए दुनिया भर के दर्शकों के सामने आई हैं। आइए जानते हैं किन-किन फिल्मों ने ब्राजील के ड्रग माफिया को पर्दे पर उतारा।*

**फास्ट फाइव (2011) :** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' सीरीज की यह फिल्म रियो डी जेनेरियो में शूट की गई थी। इसमें एक शक्तिशाली ड्रग किंगपिन हेर्नन रेयेस को दिखाया गया है, जो शहर पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए हर हद पार कर जाता है। तेज कारों, एक्शन और अपराध के बीच यह फिल्म ब्राजील की अंडरवर्ल्ड दुनिया का ग्लैमरस लेकिन खतरनाक रूप दिखाती है। इस फिल्म में विन डीजल, पॉल वॉकर और ड्वेन जॉनसन जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं।

**सिटी ऑफ गॉड (2002) :** रियो डी जेनेरियो की झुग्गी बस्तियों में पलने वाले बच्चों की कहानी पर बनी यह फिल्म ब्राजील के अपराध तंत्र की सच्ची तस्वीर पेश करती है। निर्देशक फर्नांडो मीरेलेस ने दिखाया कि कैसे गरीबी और अपराध के बीच पैदा हुए बच्चे धीरे-धीरे गैंग वार्स में फंस जाते हैं। 'सिटी ऑफ गॉड' में हिंसा, डर और अपराध की वह दुनिया दिखाई गई है, जहां इंसान की जान की कीमत एक गोली से ज्यादा नहीं। इस फिल्म ने हॉलीवुड को दिखाया कि रियो की झोपड़ियों में कैसी खामोश जंग चल रही है।

**एलीट स्क्वाड (2007) :** जोस बस्टोस पडिल्हा के निर्देशन में बनी यह फिल्म ब्राजील की विशेष पुलिस यूनिट BOPE की कहानी है, जो ड्रग माफिया से



जंग लड़ती है। इसमें दिखाया गया है कि पुलिस, राजनीति और अपराध की दुनिया कितनी गहराई से एक-दूसरे में उलझी है। 'एलीट स्क्वाड' ने उस सच्चाई को उजागर किया जिसे आम जनता शायद ही कभी जान पाती है। इस फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जबरदस्त सराहना मिली और इसे ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म का सम्मान भी मिला।

**एलीट स्क्वाड: द एनिमी विदिन (2010) :** पहली फिल्म का सीक्वल होने के बावजूद इसने ब्राजील के भ्रष्ट राजनीतिक तंत्र और माफिया गठजोड़ को और भी गहराई से उभारा। कहानी में दिखाया गया है कि जब सत्ता और अपराध हाथ मिलाते हैं तो आम इंसान के लिए न्याय की कोई जगह नहीं बचती। यह फिल्म बताती है कि ब्राजील में ड्रग लॉर्ड्स सिर्फ गलियों में नहीं, बल्कि सत्ता के गलियारों में भी बैठे हैं।

**ट्रैश (2014) :** तीन गरीब बच्चों की मासूम कहानी के जरिए 'ट्रैश' ब्राजील के समाज की गहराई में छिपे अपराध और भ्रष्टाचार को उजागर करती है। जब बच्चे एक रहस्यमय बैग पाते हैं, तो उनके सामने खुलती है ड्रग और पैसे की वो दुनिया जो मौत से भी ज्यादा डरावनी है। स्टीफन डॉल्ड्री द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपराध और इंसानियत के संघर्ष की कहानी कहती है।

***नार्कोस (2015–2017) :*** *हालांकि, यह सीरीज मुख्य रूप से कोलंबिया के कुख्यात ड्रग लॉर्ड्स पर केंद्रित है, लेकिन इसके कई हिस्सों में ब्राजील को कोकीन तस्करी के ट्रांजिट हब के रूप में दिखाया गया है। बाद के सीजन्स में ब्राजीलियन कनेक्शन और माफिया के विस्तार की झलक भी देखने को मिलती है।*

***7 प्रिजनर्स (2021) :*** *यह फिल्म अपराध की उस भयावह दुनिया को दिखाती है जहां गरीबी में जी रहे युवा ड्रग्स और मानव तस्करी के जाल में फंस जाते हैं। अलेक्जेंड्रे मोराटो द्वारा निर्देशित '7 प्रिजनर्स' आधुनिक ब्राजील की सच्चाई और वहां के अपराध नेटवर्क की गहराई को उजागर करती है।*

***आउटलॉ (2022) :*** *नेटफ्लिक्स की यह सीरीज एक युवा महिला की कहानी है जो रियो की फेवला में रहती है और अनजाने में एक खतरनाक ड्रग गैंग के जाल में फंस जाती है। 'आउटलॉ'सिर्फ अपराध की कहानी नहीं, बल्कि प्रेम, धोखे और शक्ति की उस लड़ाई को दिखाती है जो फेवला की तंग गलियों से निकलकर पूरी दुनिया में गूंजती है। यह सीरीज आधुनिक ब्राजील के अंधेरे और सशक्त दोनों पहलुओं को सामने लाती है।*

## खबर संक्षेप

### आंवला नवमीं पर उमड़ा श्रद्धा का सागर

**राउरकेला।** कार्तिक नवमी के पावन अवसर पर राउरकेला व आसपास के क्षेत्रों में आंवला नवमी श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाई गई। हरे भरे आंवला वृक्षों की छांव में महिलाओं ने हरिओम का उच्चारण कर वातावरण को आध्यात्मिक रंगों से भर दिया। दीपों की झिलमिल रोशनी और फूलों से सजे वृक्षों के बीच भक्ति का मधुर सरोवर उमड़ पड़ा। दर्जनों सखियों ने पारंपरिक साड़ियों में सुसज्जित होकर वृक्ष की जड़ों को दूध और जल से सींचा, आंवले के फलों की मालाओं से उसे सजाया। एक वृद्धा श्रद्धालु ने भावुक स्वर में कहा यह फल विष्णु का आशीष है जो हमें अमरता का वरदान देता है। पूजा के दौरान महिलाओं ने पुराण की पंक्तियों का गायन कर भगवान विष्णु का गुणगान किया और अक्षयफल की कामना के साथ धर्म की शाश्वत ज्योति प्रज्वलित की। ओडिशा की राधा पद परंपरा में यह पर्व प्रेम और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

### संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आगाज

**हाटी।** सांसद खेल महोत्सव की अंतर्गत ग्राम एवं संकुल स्तर का खेल संकुल केंद्र हाटी, बेहरामार, पुरूंगा, सिथरा, खडगांव का जोन स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज 29 अक्टूबर को ग्राम हाटी के खेल मैदान में प्रारंभ हुआ। जिसके शुभारंभ अवसर पर सांसद राधेश्याम राठिया, रजनी राठिया, जिला पंचायत सदस्य डोलनारायण पटेल, मंडल अध्यक्ष छाल, संजय गुप्ता महामंत्री मंडल छाल, बालाराम राठिया, दिलीप यादव, श्रीमती दुर्गा राठिया जनपद सदस्य, प्रेम कुमारी श्याम सुंदर राठिया, चंचल राजा अग्रवाल, बीईओ एसआर सिदार और ग्राम चायत के समस्त सरपंच शामिल हुए।

### सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट का आयोजन

**राउरकेला।** टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र ने 36वीं सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2025-26 के उद्घाटन समारोह में स्पेशल गेस्ट के रूप में डॉ यादव को आमंत्रित किया है। यह राष्ट्रीय स्तरीय आयोजन 19 से 22 जनवरी तक नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित होगा। एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डॉ. मोहम्मद बाबर द्वारा भेजे गए आमंत्रण पत्र में कहा गया है कि डॉ. यादव की उपस्थिति में कार्यक्रम का उद्घाटन होगा।

**न्यायालय तहसीलदार धरमजयगढ़**
**जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
कले.राय.का रा.प्र.क्र. 202207041000016/अ-20 (1/2021-2022, साकिन- धरमजयगढ़, प.ह.नं. 56, तह. धरमजयगढ़
**ईश्तहार**
एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता धरमजयगढ़ तहसील धरमजयगढ़ को सूचित किया जाता है कि संपादक जोहार छत्तीसगढ़ जिला रायगढ़ के द्वारा दैनिक समाचार पत्र जोहार छत्तीसगढ़ के कार्यालय भवन हेतु नजूल प्लाट नंबर 1455/1 रकबा 3637 वर्गफीट भूमि को आबंटित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 04/11/2025 को होगी।
उक्त संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**धरमजयगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार घरघोड़ा**
**जिला रायगढ़ छ.ग.**
रा.प्र.क. 0/ब-121/2025-26
साकिन- कोसमघाट प.ह.नं. 01
**उद्घोषणा**
सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक घुराऊ राम पिता स्व. चमारसाय उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम कोसमघाट तह.घरघोड़ा जिला रायगढ जिला रायगढ छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र, शपत्र पत्र, अनुलपब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा प्रस्तुत कर अपने पिता चमारसाय का मृत्यु दिनांक 20.05.2004 को ग्राम कोसमघाट में होने के कारण मृत्यु पंजीयन किये जाने का निवेदन किया गया है । जिसकी सुनवाई दिनांक 10.11.2025 को नियत किया गया है
उक्त संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10.11.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
**तहसीलदार,**
**घरघोड़ा**

### सांसद ने दी जानकारी, सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को करेंगे नमन

# 12 नवंबर को जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन घरघोड़ा से तमनार तक होगी पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 जयंती के उपलक्ष्य में आगामी 12 नवम्बर को यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी।

लोकसभा सांसद श्री राठिया ने बताया कि यूनिटी मार्च का उद्देश्य लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को नमन करने के साथ उनकी एकता की भावना को जन.जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ जिले में यूनिटी मार्च का आयोजन 12 नवम्बर को सुबह 9.30 बजे घरघोड़ा से प्रारंभ होगी और विभिन्न मार्गों से होते हुए तमनार में संपन्न होगी। यह पदयात्रा लगभग 12 किमी की होगी। प्रत्येक दो से ढ़ाई किलोमीटर में पड़ाव होगा। जहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया जाएगा और देश के प्रति उनके योगदानों को याद किया जाएगा। युवाओं में राष्ट्रीय एकताए अनुशासन और सेवा भावना के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा।

इस अवसर पर विविध कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। यह पदयात्रा घरघोड़ा के गायत्री मंदिर से शुरू होकर हाईस्कूल मैदान घरघोड़ा, घरघोड़ा से झरियापाली, झरियापाली से देवगढ़, देवगढ़ से जरेकेला, जरेकेला से बासनपाली एवं बासनपाली से तमनार में संपन्न होगी। इसमें स्कूल, कालेज के छात्र छात्राएं, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, एनएसएस, एनसीसी, माय भारत वॉलियेन्टर भाग लेंगे। लोकसभा सांसद श्री राठिया ने कहा कि हम सबकी सामूहिक सहभागिता से यह कार्यक्रम भव्य रूप लेगा और रायगढ़ जिले को एक नई पहचान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस कार्यक्रम में युवाओं, सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह आयोजन पूरे क्षेत्र की पहचान बन सके। उल्लेखनीय है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च से पूर्व अलग-अलग दिवसों में वाद विवाद, निबंध, कला एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जाएँगी, जिनमें मुख्य रूप से बारडोली सत्याग्रह, सरदार की उपाधि की पृष्ठभूमि 565 रियासतों का विलय, ऑल इंडिया सर्विसेज की स्थापना तथा सरदार पटेल के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंगों को विषय बनाया जाएगा। साथ ही योग एवं फिटनेस शिविर, नुक्कड़ नाटकए और नशा मुक्ति के लिए युवा शपथ कार्यक्रम भी होंगे।

#### यात्रा के दौरान लगेगी शिविर

कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप परीक्षण, डायबिटीज टेस्ट और टीकाकरण जैसी सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। इसके अतिरिक्त, पदयात्रा मार्ग एवं स्थानीय सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा, जिससे स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया जा सके। इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## कोयला खदान के विरोध में ग्रामीणों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुड़ेकेला

पुरुँगा कोल ब्लॉक का विवाद बढ़ता जा रहा है। अब ग्रामीण आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। गुरुवार को तीनों प्रभावित ग्राम पुरुँगा, कोकदार, तेन्दुमुड़ी और सम्हारसिंघा से हजारों की संख्या में ग्रामीण ट्रैक्टरों में धरमजयगढ़ पहुंचे। नारों से गूंजती रैली ने पूरे इलाके में माहौल गर्म कर दिया। ग्रामीण पहले डीएफओ कार्यालय पहुंचे, जहाँ ज्ञापन सौंपते हुए 11 नवंबर को प्रस्तावित जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग की। इसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जनपद पंचायत कार्यालय पहुंची। यहां भी जोरदार विरोध दर्ज कराया।

ग्रामीणों का कहना था कि अंबुजा सीमेंट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित कोल ब्लॉक परियोजना केवल विकास के नाम पर छलावा है। उनका आरोप है कि भू अधिग्रहण, वन कटाई, मुआवजा, रेल लाइन और रोजगार जैसे मुद्दों पर कंपनी पारदर्शी नहीं है, बल्कि जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है। हमारा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति वाला क्षेत्र है। यहां पेशा एक्ट कानून लागू है जहां पंचायत प्रस्ताव के बगैर कोई भी कार्य नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण मौन रैली निकालते हुए प्रशासन को चेताया कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वे किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उनका कहना था कि परियोजना से क्षेत्र के पर्यावरण, वन्यजीव और आजीविका पर गहरा असर पड़ेगा, इसलिए जनसुनवाई का आयोजन ही अनुचित है। बड़ी संख्या में महिला पुरुष, युवक और बुजुर्ग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने दोहराया कि वे विकास के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन प्रकृति और जीवन से खिलवाड़ स्वीकार नहीं करेंगे। मौन विरोध में शामिल ग्रामीणों से ठंडा राम राठिया ने बताया कि आज हम सभी तीनों गांव के प्रभावित ग्रामीण मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से रैली निकालकर धरमजयगढ़ विकासखंड के समस्त संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिए है हमारी यही मांग है कि 11 तारीख को होने वाली जन सुनवाई निरस्त करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे हैं।

## तमनार में श्रीमद् भागवत कथा, निकाली गई कलश यात्रा

**तमनार।** बरभाठा में कथावाचक पं. महेन्द्र शर्मा के मुखरबिंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं एकादशी उद्यापन का आयोजन 29 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक किया जा रहा है। इसके लिए बुधवार को सैकड़ों माता बहनों द्वारा पीला वस्त्र आभूषणों से सुसज्जित होकर कलश यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान कथा महात्मय, गोकर्ण उपाख्यान, महाभारत कथा, ध्रुव चरित्र, बामन अवतार, रविवार श्रीराम कथा, कृष्ण जन्मोत्सव, श्री कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रासलीला, रुकमणी विवाह तुलसी वर्षा, सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, कथा विश्राम एवं प्रसाद वितरण होगा। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भक्ति ज्ञान, वैराग्य की पावन त्रिवेणी गंगा में डुबकी लगाते संगीत पार्टी की आधुनिक सुमधुर धुनों से भक्त मंत्रमुग्ध होगे।



## तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली



विभिन्न मांगों को लेकर संघ द्वारा बीते 18 जून को मोदी की गारंटी के नाम से कर्मचारियों के लिए की गई घोषणा को लागू करने ध्यानाकर्षण ज्ञापन सौंपा गया था। अब तक निराकरण नहीं होने से नाराज कर्मचारी संघ ने दोबारा सीएम, सीएस के नाम ज्ञापन सौपा है।

संघ की मांगों में कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा पेंशनरों को महंगाई राहत दिया जाए तथा डीएएरियर्स की राशि जीपीएफ खाते में समायोजित किया जाए। केन्द्रीय कर्मचारियों एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के कर्मचारियों की भांति सेवानिवृत्ति पर छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी 240 दिन के स्थान पर 300 दिनों का अवकाश नगदीकरण आदेश जारी किया जाए। संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जावे तथा मध्यप्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश के सभी संवर्गों के अधिकारी कर्मचारियों को सेवाकाल में चार स्तरीय वेतनमान संबंधी आदेश शीघ्र जारी किया जाए। प्रदेश के सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर किया जाए। शिक्षक एलबी लिपिक सहित विभिन्न संवर्गों के वेतन विसंगति दूर करने हेतु गठित समिति का प्रतिवेदन यथाशीघ्र प्रकाशित कर लागू किया जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए शिक्षक एलबी संवर्ग को समस्त सेवा का लाभ दिया जाए। चिकित्सा सुविधा एवं बोनस दिया जाए। उत्तर प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारियों एवं पेंशनरों को कैसलेस नियुक्ति के सभी पदों पर अनुकम्पा प्रदेश में अनुकम्पा निय नियुक्ति की 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए अनुकम्पा नियुक्ति देने की मांग शामिल है। इस दौरान फकीरा यादव, थानेश्वर चंद्रा, संदीप मिंज, नंद कुमार बंजारे, लोकेंद्र नाथ पटेल, रामेश्वर पटेल समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## विवादित टिप्पणी से भड़का अग्रवाल समाज एफआईआर की मांग, कार्रवाई का आश्वासन

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर में श्री अग्रसेन सेवा संघ ने मंगलवार को जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा की गई विवादित टिप्पणी के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया। समाज के लोगों ने एकजुट होकर थाना चंद्रपुर पहुंचकर अमित बघेल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की।



संघ के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि अमित बघेल ने सोशल मीडिया के माध्यम से अग्रवाल समाज के आराध्य महाराजा अग्रसेन महाराज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की है। यह टिप्पणी न केवल अग्रसेन समाज बल्कि पूरे सनातन समाज की भावनाओं पर गहरा आघात है। ज्ञापन में लिखा गया कि उक्त बयान से समाज में गहरा रोष है और अग्रवाल समाज इसे अपने आराध्य देवता का अपमान मानता है। महाराजा अग्रसेन समाज में समानता, सेवा और सौहार्द का प्रतीक हैं, जिन्होंने एक ईंट एक रुपया के सिद्धांत से समाज को जोड़ने का कार्य किया। उनके सम्मान में इस तरह की अभद्र टिप्पणी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संघ के अध्यक्ष शिव अग्रवाल ने कहा अमित बघेल का बयान निंदनीय और असहनीय है। उन्होंने सिर्फ अग्रवाल समाज का नहीं बल्कि पूरे सनातन समाज का अपमान किया है। यदि ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो समाज सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगा। सचिव मनोज अग्रवाल मानू ने कहा कि सोशल मीडिया पर समाज के पूज्य पुरुषों के खिलाफ इस तरह की भाषा का प्रयोग खुलेआम नफरत फैलाने की कोशिश है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे तत्वों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करे ताकि समाज में शांति बनी रहे। इस अवसर पर अग्र समाज के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे जिन्होंने महाराजा अग्रसेन अमर रहें और धर्म व संस्कृति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारे लगाते हुए अपना विरोध जताया और थाने जाकर ज्ञापन सौपते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करने की माँग की है। अग्रवाल समाज ने इसकी निंदा की है।

> छत्तीसगढ़ के कोई भी अन्य समाज के लोग कभी भी किसी दूसरे राज्य के लोगों को गाली नहीं देते अमित बघेल को हमें बांटने का कोई अधिकार नहीं है।
> **शिव अग्रवाल**
> **अध्यक्ष अग्रसेन सेवा संघ चंद्रपुर**

> अमित बघेल द्वारा किसी भी समाज पर अभद्र टिप्पणी करना निंदनीय है उन पर कार्रवाई कर गिरफ्तार करना चाहिए।
> **शुभम अग्रवाल**
> **अध्यक्ष मारवाड़ी युवा मंच चंद्रपुर**

> इस मामले की जांच पड़ताल एवं खोजबीन करके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
> **गगन बाजपेई**
> **थाना प्रभारी चंद्रपुर**

## क्लस्टर स्तरीय सांसद खेल महोत्सव

**कटेली।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला के जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती सुशीला साहू एवं एसएमडीसी अध्यक्ष सतीश शर्मा द्वारा 30 अक्टूबर को शासकीय हाई स्कूल दानसरा के खेल मैदान में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया।



इस दौरान 10 तरह के खेलों का आयोजन होगा।। इसमें एकल विद्या अंतर्गत 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, लंबी कुद ऊंची कुद, बैडमिंटन होंगे तो वही समूह विद्या में खो खो कबड्डी, बालीबाल और रस्सा कस्सी शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशीला साहू, विशिष्ट अतिथि हाई स्कूल दानसरा एसएमडीसी अध्यक्ष सतीश शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि शिव निषाद, प्रभारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल दानसरा कामिनी डनसेना समेत अन्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया कोसीर धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण

**कटेली/कोसीर।** कलेक्टर संजय कनौज ने कोसीर धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर किसान पंजीयन एवं धान खरीदी की प्रारंभिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में उपस्थित किसानों से उन्होंने सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं।

कलेक्टर ने किसानों को आश्वस्त किया कि जिन किसानों का पंजीयन भूमि रकबे के अनुसार पंजीयन हुआ है वे उन सभी रकबे में धान बिक्री कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ तकनीकी समस्याएँ सामने आई हैं, जिन्हें शीघ्र ही दूर कर दिया जाएगा। कलेक्टर को अपने बीच पाकर किसान उत्साहित दिखे और यह सुनकर प्रसन्नता जताई कि उनकी समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम वर्षा बंसल, सहायक आयुक्त व्यास नारायण साहू समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



हरिभूमि बिलासपुर संस्करण नं. 1 एजेंसी देना है
आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि की धरमजयगढ़ एवं बाकारूमा में एजेंसी देना है। इच्छुक व्यक्ति रक्षाधन (डिपॉजिट राशि) के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के पास, केलो विहार रायगढ़
मो. 7000789166, 9301844932

## श्री श्याम बिहारी मंदिर में 1 नवम्बर को मनाया जाएगा बाबा का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा कार्तिक ग्यारस के पावन अवसर पर श्री श्याम निशान यात्रा एवं श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ 01 नवम्बर को आयोजित हैं। रविवार को कार्तिक द्वादसी पर अखण्ड ज्योत जलाई जाएगी एवं खीर, चूरमा, खिचड़ी का प्रसाद श्याम बिहारी मंदिर में भोग के रूप में लगाया जाएगा।



भक्तों द्वारा सवामणी का प्रसाद लगाया जाएगा वहीं श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा महापप्रसाद चांवल सब्जी का भक्तों को वितरण किया जाएगा। नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा बाबा का जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी को प्रातः 6 बजे गायत्री मंदिर से निशान यात्रा निकाली जाएगी। जो नगर भ्रमण करते हुए प्रातः 7.30 बजे श्री श्याम बिहारी मंदिर में पहुचने के पश्चात बाबा की आरती की जाएगी। तत्पश्चात सुबह 9 बजे से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ एवं दूसरे दिन बारस को प्रातः 7.30 बजे बाबा की ज्योत एवं उसके पश्चात खीर चुरमा का सवामणी का प्रसाद एवं दोपहर 12.30 बजे आरती के पश्चात महाप्रसाद के रूप में चांवल सब्जी का प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्याम कुटुम्ब के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने बताया कि श्याम कुटुम्ब द्वारा विगत 18 वर्षो से प्रत्येक शुक्ल पक्ष का एकादशी को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन श्री श्याम कुटुम्ब द्वारा किया जाता रहा हैं। जिसके तहत 01 नवम्बर कार्तिक शुक्ल पक्ष की ग्यारस को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ श्री श्याम बिहारी मंदिर में सुबह 9 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। जिसके मुख्य जजमान श्री लखदातार परविार खरसिया होंगे। श्याम पाठ के मध्य में बाबा के जन्मोत्सव के दौरान सभी भक्त जनों को बधाईया बाटी जाएगी एवं आतिशबाजी की जाएगी। भक्तों के लिए पाठ के मध्य में दोपहर 1 बजे फलाहार की व्यवस्था भी की गई है। पाठ के मध्य में जन्मोत्सव के दौरान केक काटकर सभी भक्तों द्वारा बाबा का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया जाएगा।

